तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 नवंबर 2024




10 सम्बलपुर-जम्मूतवी ट्रेन विस्तार के पहले हो सकता है ...



11 युवाओं में बढ़ता विश्वास ओलंपिक बना खास



## स्वागत : गौरसींग का मुकुट पहनाकर किया गया अभिनन्दन

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का बस्तरिया अंदाज में स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सोमवार को बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में शामिल होने चित्रकोट पहुंचने पर बस्तरिया अंदाज में स्वागत हुआ। उनके स्वागत में जनजातीय लोक नर्तक दलों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। जनप्रतिनिधियों ने पारंपरिक गौर सिंग मुकुट पहनाकर उनका अभिनन्दन किया। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चित्रकोट में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक के आयोजन हेतु विशेष तैयारियां की गई थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बस्तर हाट की थीम पर आधारित एक्सपीरियंस जोन एवं विभिन्न विभागीय स्टालों का अवलोकन किया। प्राधिकरण के बैठक स्थल पर संभाग के सात जिलों बस्तर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, कांकेर, नारायणपुर, सुकमा और बीजापुर की विकास योजनाओं और उपलब्धियों को स्टॉल के जरिए साझा किया गया। इन स्टालों में विकास और नवाचार की विस्तृत झलक दिखी।

- मुख्यमंत्री ने किया बस्तर हाट की थीम पर आधारित एक्सपीरियंस जोन और स्टाल्स का अवलोकन









### कला और नवाचार का संगम

कोण्डागांव जिले ने स्टाल के माध्यम से अपनी पारंपरिक शिल्पकला और आधुनिक विकास परियोजनाओं को सामने रखा है। झिटकू मिटकी आर्टिसन प्रोड्यूसर ने बेल मेटल कला से अयोध्या के राम मंदिर के स्थापत्य को प्रदर्शित किया। इस दौरान जिले में हो रहे पर्यटन विकास, रोजगार के अवसर बढ़ाने गारमेंट फैक्ट्री, एनीमिया मुक्त कोण्डागांव अभियान स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, मावा कोण्डानार मोबाइल ऐपरू पारदर्शी प्रशासन और नागरिक सुविधाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जानकारी दी गई।

### बस्तर कॉफी के सफर की दिखी झलक

बस्तर जिले के स्टाल में बस्तर कॉफी की प्रक्रिया और उसके प्रसार को रोचक ढंग से दिखाया गया है। प्रदर्शनी में कॉफी उत्पादन, ताजा चेरी उत्पादन से लेकर कॉफी की धुलाई, भुनाई, पिसाई और पाउडर पैकेजिंग तक की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया है। बस्तर कैफे की पहल से स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया गया है। बस्तर कॉफी ब्रांड को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने का प्रयास भी जारी है।

### शिक्षा और बाल विकास में नवाचार

दंतेवाड़ा जिले ने शिक्षा और बाल कल्याण के क्षेत्र में किए गए नवाचारों को साझा किया। बाल मित्र कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल से बाहर और अप्रवेशी बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पहल शुरू की गई है । बाल मित्र पुस्तकालय एवं पंचायत के जरिए बच्चों को नेतृत्व और निर्णय लेने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम शिक्षा के साथ-साथ समग्र विकास के लिए भी अहम साबित हो रहा है।

### लघु वनोपज से आजीविका संवर्धन

कांकेर जिले में लघुवनोपज आधारित परियोजनाओं और उद्यानिकी विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। फ्रेश सीताफल परियोजना स्थानीय किसानों सहित स्वसहायता समूह की दीदियों के लिए आय का प्रमुख स्रोत बनी है। पोषण और रोजगार, लघु धान के मछली पालन, कड़कनाथ मुर्गी पालन में रोजगार के नए अवसर और आजीविका संवर्धन की जानकारी दी गई है।

### महिला सशक्तिकरण का उदाहरण

नारायणपुर जिले में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं। स्वसहायता समूहों की दीदियों ने हर्बल गुलाल, मशरूम उत्पादन, कड़कनाथ पालन और बटेर पालन जैसी गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई ⏭ शेष पेज 10 पर

### चित्रकोट की झलकियां भोजन के लिए मशक्कत

इतने वृहद कार्यक्रम के लिए जहां एक ओर विशाल तामझाम के साथ आयोजन को खुबसूरती देने की कोशिश की गई थी वहीं दूसरी ओर पर्याप्त भोजन व्यवस्था के बाद भी इसके मैनेजमेंट में कमी देखी गई। नेताओं मंत्रियों के लिए विशाल डोम के भीतर शाही भोजन की व्यवस्था थी पर उनके पीए, कर्मचारी व सुरक्षा कर्मी काफी समय तक भोजन के लिए मशक्कत करते दिखे। यहां तक की मीडियाकर्मियों के लिए भी भोजन के लिए कोई पृथक व्यवस्था नहीं की गई थी। प्राधिकरण की बैठक से फारिग होकर एक ओर जहां प्रदेश के मुखिया व अन्य अतिथियों ने चाय की चुस्की लेते लंबे समय तक गेस्ट हाउस के विशाल कांच से चित्रकोट जलप्रपात का नैसर्गिक सुंदरता का आनंद लिया वहीं वीआईपी प्रवास की जानकारी के अभाव में वॉटर फाल को निहारने पहुंचे सैलानियों को बड़ांजी से ही वापस लौटा दिया गया, हालांकि प्रशासन ने पूर्व में ही इस संबंध में सूचना जारी कर ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### जैन मुनियों के आगमन पर बैंड बजाकर किया स्वागत

**भानुप्रतापपुर।** उपाध्याय प्रवर अध्यात्मयोगी महेन्द्र सागर , उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागर के सुशिष्य रत्न स्वाध्याय रसिक ऋषभ सागर एवं ऋजु प्रज्ञसागर का 18 नवंबर को भानुप्रतापपुर धर्मनगरी में भव्य प्रवेश हुआ। भानुप्रतापपुर केसरिया पारसनाथ मंदिर जीर्णोद्वार व प्रतिष्ठा के लिए जैन मुनियों का आगमन हुआ। जैन धर्म के सदस्य बड़ी संख्या में जैन मुनियों का स्वागत कर बैंड बाजा के साथ भव्य स्वागत करते हुए मंदिर की ओर लेकर दर्शन के लिए श्री केसरिया पाश्वनाथ मंदिर श्री जिन कुशल दादाबाड़ी अशोक राइस मिल में सुखसाता पूर्वक विराजमान हैं।

### ग्रामीण ने खाया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत नयापारा दुधावा निवासी 45 वर्षीय मन्नूरराम मरकाम पिता स्व. लखन ने जहर का सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस को अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि मृतक ने जहर सेवन किस कारण से किया है।



## बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक का विरोध करने निकले 51 कांग्रेसी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सोमवार को चित्रकोट में आयोजित बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक को लेकर दर्जनों कांग्रेसी सड़कों पर उतर आए। विरोध प्रदर्शन के लिए राजीव भवन से चित्रकोट जाने निकले कांग्रेसियों को अनुपमा चौक के करीब गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार कांग्रेसियों में जिला अध्यक्ष के अलावा पूर्व विधायक समेत 51 को 12 से 3 बजे तक बोधघाट थाना में अभिरक्षा में रखने के बाद छोड़ दिया गया। काले कपड़े पहनकर विरोध जताया। कांग्रेसी बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राजीव भवन से चित्रकोट के लिए निकले थे। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के मंत्री यहां विकास की बात करने नहीं बल्कि चित्रकोट में पिकनिक मनाने आए है। यह बैठक कलेक्टर या कमिश्नर ऑफिस में भी हो सकती थी।



- बोधघाट थाना में 12 से 3 बजे तक अभिरक्षा में रखने के बाद किया गया रिहा

### प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ झड़प

*चित्रकोट विरोध प्रदर्शन के लिए निकले कांग्रेसियों व पुलिस के बीच झड़प भी देखने को मिली। कांग्रेसी किसी भी तरह चित्रकोट जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन सुरक्षा में तैनात जवान उन्हें आगे बढ़ने नहीं दे रहे थे जिसके चलते विवाद हो रहा था।*

## जनजातीय परंपरा के संरक्षक बैगा, गुनिया व सिरहा को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में जनजातीय परंपरा के संरक्षक बैगा, गुनिया और सिरहा को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बैगा, गुनिया और सिरहा जैसे परंपरागत जनजातीय समुदायों को अब प्रत्येक वर्ष 5-5 हजार रुपये की सम्मान निधि दी जाएगी। यह पहल जनजातीय समाज की सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहन देने के साथ उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण



कदम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार जनजातीय समाज की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह के फैसले छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके गौरव को बढ़ाने में सहायक साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने जनजातीय समुदाय की परंपराओं को संजोने और उन्हें समाज के विकास में भागीदार बनाने के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण देव, पूर्व विधायक महेश गागड़ा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बाहनापानी के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाईक में सवार तीन युवक को गंभीर चोटे आई। घायल तीनो युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे डूमरपानी निवासी 49 वर्षीय राजेंद्र साहू पिता स्व. सोमन साहू ने पुलिस को बताया कि 14 नवंबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एक्यू 8809 में सवार होकर मेरा लड़का दुर्गेश साहू, पंकज साहू एवं चेतन कुमार नेताम नरहरपुर से डूमरपानी की ओर जा रहे थे। मोटर सायकल को पंकज साहू चला रहा था। बाहनापानी मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि 14 नवंबर की शाम साढ़े 5 बजें हल्बा से नरहरपुर की ओर आ रही आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 04 डीजे 9877 दस चक्का के चालक द्वारा वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एक्यू 8809 को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे मोटर सायकल में सवार दुर्गेश साहू के सिर, दाहिना पैर, चेहरे, दोनो जांघ में, पंकज साहू को दोनो पैर तथा चेतन कुमार नेताम को बांए पैर, कपाल एवं शरीर के अन्य हिस्सो में चोट आई है। दुर्गेश साहू और पंकज साहू को धमतरी के निजी अस्पातल में भर्ती किया गया और चेतन कुमार नेताम का ईलाज नरहरपुर सीएचसी अस्पताल में ईलाज कराकर छूट्टी के बाद 18 नवंबर को शिकायत दर्ज कराने आया हूं। घायल युवक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।


## पैरामेडिकल/नर्सिंग/स्वास्थ्य कर्मचारी में प्रवेश हेतु आवेदन सूचना (2024-25)

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग. के विभित्र प्राइवेट चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ति हेतु संस्थान एक एवं दो वर्षीय राष्ट्रीय कौशल विकास द्वारा संचालित कोर्स के अंतर्गत में कक्षा 12वीं (पास/फेल कोई भी विषय से हो) छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित।

केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ईएमटी/ MPHW | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/12/2024 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 05/01/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक** NSDC/SDMS **केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय________________ पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम________________
पिता/पति________________ जन्म तिथि________________
वर्ग अनुज जाति________ अनु जाति________ अन्य पि. वर्ग________
सामान्य________ पत्र व्यवहार का पता________________
________________ पिन कोड________
मो. नं.________________ बाट्सअप नं________________
पालक का मो. न________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग________________
में प्राप्त अंक________ कुल प्रतिशत________ मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.________
हस्ताक्षकर________________ पालक का हस्ताक्षर________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप




### भोथीपार में शिक्षकों एवं छात्रों ने नेहरु को याद किया

**कोर्रा (भखारा)।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भोथीपार में बाल दिवस मनाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन वंदन किया गया। शिक्षकों एवं छात्रों ने पं. नेहरु द्वारा देश के विकास में दिए गए योगदान को याद किया। अतिथियों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। बच्चों के लिए खेलकूद, भाषण, गीत, कविता एवं रिकार्डिंग डांस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर टीकाराम सिन्हा प्रधानपाठक, रामबगस गंगबेर प्रधानपाठक, हिरेंद्र सोनबेर, सतीशचंद्र साहू, सनातन साहू, सुरेंद्र साहू, खिलेश्वरी सेन, भाग्यश्री साहू, भेमलाल साहू, हीरा पटेल, प्रमिला साहू, नर्मदा साहू, कोमिन यादव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पिता, दादा की स्मृति में छात्रों को कराया न्योता भोज



**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला तरसींवा में शिवकुमार सिन्हा ने अपने पिता स्व. मंगलू की स्मृति में छात्र-छात्राओं को न्योता भोजन कराया। इसी प्रकार शासकीय कन्या व बालक शाला तरसींवा में पोखन सिन्हा ने अपने दादा स्व. मंगलू राम सिन्हा की स्मृति में न्योता भोज का आयोजन किया। छात्र छात्राओं को बिस्किट, खीर पूड़ी खिलाई गई। माध्यमिक शाला तरसींवा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जागेन्द्र साहू ने चाकलेट बांटी। इस अवसर पर बालक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पोखन सिन्हा, सरपंच श्रीमती दीपेश्वरी साहू, ग्राम विकास समिति सरोज यादव, मनोज यादव, शिक्षाविद चिरंजीव हिरवानी, हजारी लाल, भुनेश्वर सिन्हा व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### दरगहन स्कूल के बाल मेला में बच्चों ने लगाए स्टाल



**कोर्रा (भखारा)।** माध्यमिक विद्यालय दरगहन में बाल दिवस पर छात्रों ने मिर्ची भजिया, भेल चाट समेत अनेक खाद्य पदार्थों का स्टाल लगाया था। ग्रामवासियों और शिक्षकों ने व्यंजनों का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में सरपंच, मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक ओमप्रकाश साहू, श्री बारले, टीके साहू, रोहणी मेडम, चंद्राकर मेडम, शिव, श्री नेताम, धर्मराज, प्रधानपाठिका सरस्वती और चुनेशवर यादव शामिल हुए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी चुनेश्वर यादव ने दी है।

# सम्बलपुर-जम्मूतवी ट्रेन विस्तार के पहले हो सकता है अधूरा पिट लाइन का निर्माण पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह सम्भाग अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में न तो कोचिंग डिपो है और न ही पिट लाइन कोचिंग ट्रेनों के मेंटनेंस है। बावजूद अंबिकापुर से दिल्ली तक यात्री ट्रेन का संचालन हो रहा है। वही झारखंड के गोड्डा जैसे छोटे से शहर जहां के तेज तर्रार सांसद निशिकांत दुबे के दबाव से स्टेशन में कोचिंग डिपो और पूत लाइन नहीं होने के बाद भी गोड्डा से दिल्ली व अन्य महानगरों के लिए यात्री ट्रेनें चलाई जा रही है। बस्तर ही देश का ऐसा पहला क्षेत्र है, जहां आजादी के बाद आज पर्यन्त यात्री रेल सुविधा से कोसों दूर रखा गया है। बस्तर में रेल सुविधा विस्तार को लेकर यहां के लोग रेल आंदोलन के जरिये केंद्र सरकार पर दबाव बनाया लेकिन 2011 में हुए हुए निर्णायात्मक रेल रोको आंदोलन के बाद बस्तर में कुछ यात्री ट्रेनो की सौगात मिली। उस दौरान दो ट्रेनों का विस्तार जगदलपुर तक किया गया था। पहले भुवनेश्वर से कोरापुट तक चलने वाली हीराखण्ड एक्सप्रेस और उसके बाद हावड़ा से कोरापुट तक चलने वाली सम्लेश्वरी एक्सप्रेस। इस कड़ी में सम्बलपुर से जम्मूतवी तक सप्ताह में चार दिन चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का भी जगदलपुर तक विस्तार आसानी से किया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक संसाधन जुटाने ज्यादा माथापच्ची करने की आवश्यकता इसलिए नहीं है,कारण लंबी दूरी तक चलने वाली कोचिंग ट्रेनो को एक निर्धारित अवधि के बाद उसके मेंटेनेंस की आवश्यकता होती है। जगदलपुर स्टेशन में कोचिंग ट्रेनो के रखरखाव या यूं कहें मरम्मत के लिए पिट लाइन आवश्यक है, जो जगदलपुर पश्चिम यार्ड में 4 साल पहले 70 फीसदी कार्य कर अधूरा निर्माण में छोड़ दिया गया। अब 30 फीसदी निर्माण पूरा हो जाने से पिट लाइन बनकर तैयार हो जाएगी। पिट लाइन निर्माण पूरा होते ही जगदलपुर में यात्री ट्रेनों के विस्तार में मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही यह समस्या हमेशा के लिए दूर हो जाएगी।

## 70 फीसदी हो चुका है पिट लाइन का कार्य, बलांगीर सांसद इस ट्रेन के विस्तार में जुटीं

### अंबिकापुर स्टेशन में बिना पिट लाइन दिल्ली तक चल रही ट्रेन

वहीं अंबिकापुर में एक प्लेटफॉर्म एवं बिना कोचिंग डिपो, पिटलाइन के वहां से दिल्ली के लिए साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जा रही है। अंबिकापुर में कोचिंग डिपो, पिटलाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। तो ऐसे में राज्य एवं केंद्र सरकार की सारी राजनीतिक शक्ति जगदलपुर में रेल यात्री सुविधाओं एवं कनेक्टिविटी बढ़ाने में कमजोर, भेदभावपूर्ण क्यों दिखाई देती है।



### अब और कोई बहाना नहीं

*सम्बलपुर-जम्मूतवी ट्रेन के विस्तार पर बलांगीर ओडिशा की सांसद संगीता सिंहदेव भी लंबे समय से रेलमंत्री से मांग कर रही है। बलांगीर स्टेशन में पिट लाइन नहीं होने की वजह अब तक इस ट्रेन का विस्तार नहीं हो पाया। जब जगदलपुर स्टेशन का अधूरा पिट लाइन निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा तो रेलवे के पास इस ट्रेन के विस्तार के लिए और कोई बहाना नहीं होगा।*

अलग खबर

## मूलवासी मंच के नेता की गोलापल्ली से हुई गिरफ्तारी

# गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर मूलवासी बचाओ मंच पर लगाया एक साल का प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मूलवासी बचाओ मंच द्वारा सुरक्षाबलों के कैम्पों का लगातार विरोध को देखते हुए गृह विभाग ने छग विशेष जन सुरक्षा अधिनियम के तहत एक वर्ष के लिए विधि विरूद्ध संगठन घोषित करते हुए प्रतिबधं लगा दिया है। प्रतिबंध लगते ही सुकमा जिले के कोण्टा से मंच के नेता रामबाबू को गोलापल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गौरतलब है कि 30 अक्टूबर को गृह विभाग द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए बताया गया कि राज्य सरकार को लगातार सूचना मिल रही थी कि मूलवासी बचाओं मंच संगठन केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे विकास कार्यों तथा विकास कार्यों के संचालन के लिए निर्माण किए जा रहे सुरक्षाबलों के कैम्पों का लगातार मंच द्वारा विरोध करते तथा आम जनता को उसके विरूध उकसाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप करते हुए विधि द्वारा स्थापित संस्थाओं की अवज्ञा को बढ़ावा देते हुए मंच द्वारा लोक व्यवस्था, शातिं में बाधा एवं नागरिकों की सुरक्षा में खतरा उत्पन्न किया जा रहा है जो कि राज्य की सुरक्षा के प्रतिकूल है।

अधिसूचना में बताया गया कि मूलवासी बचाओ मंच के सबंधं में राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि ऐसे संगठन को विधि विरूध संगठन घोषित करना आवश्यक है। इसे देखते हुए छग विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005 की धारा 3 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार द्वारा मूलवासी बचाओ मंच को अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष के लिए विधि विरूध संगठन घोषित किया जाता है।



*छग विशेष जन सुरक्षा अधिनियम के तहत एक वर्ष के लिए विधि विरूद्ध संगठन किया घोषित*

### मंच के नेता गिरफ्तार

*प्रतिबंध लगने के बाद मूलवासी बचाओ मंच के नेता रामबाबू को गोलापल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर ग्रामीणों को भड़काने, पुलिस कैम्पों का विरोध तथा गतिविधियों में संलिप्त रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। रामबाबू को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कोण्टा टीआई सोनल ग्वाला ने बताया कि गोलापल्ली पुलिस ने दर्ज मामले के आधार पर मूलवासी मंच के नेता रामबाबू को गिरफ्तार किया है।*

# मरार पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बने भुनेश्वर पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मरार पटेल समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन दुर्ग जिले के धमधा नगर में आयोजित हुआ। विवाह योग्य युवक युवतियों ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल विशिष्ट अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोसरे दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष तेजराम पटेल प्रदेश संयोजक राजेंद्र नायक की मौजूदगी मे समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल के अध्यक्षता में युवक युवती परिचय माला पुस्तिका का विमोचन किया गया। वहीं कोंडागांव निवासी युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल ने प्रदेश पदाधिकारीयों एवं जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने नवनियुक्त पदाधिकारीयों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । वहीं सभी समाज प्रमुखों द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया ।

- दुर्ग जिले के धमधा मे आयोजित हुआ सम्मेलन

### कोंडागांव को मिली कई जिम्मेदारियां

प्रदेश कार्यकारिणी मे कोंडागांव जिले से भी युवाओं को प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है जिसमे लोकेश पटेल लीलाराम पटेल को प्रदेश सचिव तो रामकृष्ण पटेल को संगठन सचिव की जिम्मेदारी मिली है। वहीं भुनेश्वर पटेल को कोंडागांव जिलाध्यक्ष व तिस्मत कौशिक को कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

# जिलास्तरीय बस्तर ओलम्पिक होगा 20 से 24 नवम्बर तक




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का आयोजन 20 से 24 नवम्बर तक किया जाएगा। शुभारंभ 20 नवम्बर को विकासनगर स्टेडियम कोण्डागांव में प्रातः 11 बजे होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही शामिल होंगे। जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रस्साकसी, एथलेटिक्स, विकासनगर स्टेडियम कोण्डागांव में, कराते टाउनहॉल कोण्डागांव में, खो–खो एन.सी. ग्राउण्ड कोण्डागांव में, व्हालीवॉल एवं कबड्डी खेल परिसर बड़कनेरा रोड कोण्डागांव में और बैडमिंटन विकास नगर इण्डोर स्टेडियम तीरंदाजी खेलो इण्डिया सेंटर कोण्डागांव में सम्पन्न होंगी। साथ ही 24 नवम्बर को फुटबाल विकासनगर स्टेडियम में, वेटलिफ्टिंग टाउन हॉल में और हॉकी, आदर्श विद्यालय फरसगांव में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम 2000, द्वितीय 1500, एवं तृतीय 1000 की राशि एवं दलीय खेल में प्रथम 4000, द्वितीय 3000, तृतीय 2000 राशि पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा। इसके साथ ही मेरिट प्रमाण पत्र ट्राफी एवं समस्त खिलाड़ियों को भागीदारी प्रमाणपत्र प्रदाय किया जाएगा।

# नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने सरकार कटिबद्ध : ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

11 महीने के शासन में प्रदेश में शांति और खुशहाली का वातावरण दिखने लगा है। नक्सल समस्या अंतिम चरण में है। सरकार पहले सुरक्षा का वातावरण कायम कर उसके बाद विकास अतिसंवेदनशील क्षेत्र तक पहुंचाने का काम कर रही है। नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने सरकार कटिबद्ध है। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने चित्रकोट में हरिभूमि से चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा बस्तर में ऐसा भी दौर था जब कलेक्टर तक का अपहरण होता था। लेकिन आज अंदरूनी दूरस्थ अंचल तक सुरक्षा के लिए केन्द्र और राज्य सरकार थाना और पोस्ट स्थापित कर लोगों को मुख्यधारा से जोड़ रही है। पिछले 10-15 साल से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम हुए हैं।



### युवाओं को रोजगार के नए आयाम से जोड़ रहे

अब युवाओं को रोजगार के नए आयाम से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। पर्यटन, होम स्टे, इको टूरिज्म और वन उत्पाद पर विशेष तौर पर काम हो रहा है। जिसमें गांव के युवाओं और महिलाओं को रोजगार के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए काम किया जा रहा है। युवा पीढ़ी को जो पहले शिक्षा से वंचित थे उन्हें उच्च शिक्षा के मार्ग पर ले जाकर ऊंचे पदों पर लाने का काम भी सरकार कर रही है। जिसके बेहतर परिणाम आने लगे हैं।

# केशकाल घाटी का जीर्णोद्धार आधा भी नहीं हुआ और सियासत शुरू, पूर्व मंत्री व विधायक में बयानबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

लगभग एक दशक के इंतजार के बाद आखिरकार केशकाल घाटी का जीर्णोद्धार शुरू करवा दिया गया है। अभी सड़क निर्माण का 50 फीसदी काम भी पूरा नहीं हुआ और इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। जीर्णोद्धार सोमवार को घाटी का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय विधायक और राज्य सरकार को जमकर कोसा है।

- भाजपा जनता को बेवकूफ बना रही : कवासी

लखमा ने केशकाल विधायक पर अनियमितता कर जनता को बेवकूफ बनाने का आरोप लगाया है। जिस पर पलटवार करते हुए विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा है कि कवासी लखमा को गुणवत्ता के बारे में कितना ज्ञान है यह तो मैं नहीं जानता। लेकिन केशकाल घाटी के निर्माण की आलोचना कर इसमें व्यवधान डालने का प्रयास किया जा रहा है। हमें एकजुट होकर घाटी का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करवाते हुए जनता को इसका लाभ दिलवाने पर विचार करना चाहिए।

### बस्तरवासियों को बेवकूफ बना रही है भाजपा : लखमा

पूर्व मंत्री कवासी लखमा का कहना है कि घाटी में सड़क निर्माण के कार्य के लिए मार्ग डायवर्ट किया गया है। इससे जनता को काफी दिक्कतें हो रही हैं। इधर विभाग के द्वारा 24 घण्टे निर्माण कार्य करने की बजाय लेटलतीफी करते नजर आ रहे हैं। जिन मोड़ों में सीसी रोड बनाई गई ,है वहां ठीक से पानी भी नहीं डलवाया जा रहा है। यहां के कलेक्टर रह चुके नीलकंठ टेकाम अब विधायक बन गए हैं। उन्हें केवल भ्रष्टाचार करना आता है। बस्तर में हवाई सेवाएं बंद करवा दी गई, रेल लाइन का विस्तार नहीं हुआ है ऐसे में जनता आखिर क्या करेगी। भाजपा बस्तरवासियों को अपना दुश्मन मानती है इसलिए बस्तर के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है।

### आलोचना कर घाटी के जीर्णोद्धार में व्यवधान न डालें- टेकाम

इधर पूर्व मंत्री कवासी लखमा के बयान पर पलटवार करते हुए केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि पिछले 5 वर्षों टीम छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार थी, लेकिन उन्होंने घाट की मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए कोई पहल नहीं की। अब हमारी सरकार घाटी की दशा को तेज गति से सुधार रही है, तो इसकी आलोचना कर व्यवधान न डाला जाए। जल्द से जल्द घाट का निर्माण कार्य पूरा कर आम जनता को सुविधा उपलब्ध करवाई जाए इस पर उन्हें विचार करना चाहिए। टेकाम ने यह भी कहा कि केशकाल बायपास मार्ग और धमतरी-जगदलपुर फोरलेन मार्ग का कार्य भी स्वीकृत हो गया है, जल्द ही निर्माण कार्य भी शुरू करवा दिया जाएगा।

## नशामुक्ति और स्वच्छता का दिया संदेश और लोगों को दिलाई शपथ

# शामपुर में धूमधाम से मनी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शामपुर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम के प्रमुख जन और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत माकड़ी की सभापति श्रीमती पिंकी गजेंद्र राठौर और सरपंच श्रीमती टोकेश्वरी नेताम मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा–अर्चना से हुई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन और उनकी प्रेरणादायक गाथाओं को याद किया। सभापति श्रीमती पिंकी गजेंद्र राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने न केवल अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया, बल्कि आयुर्वेद के जरिए लोगों का जीवन बचाकर समाज की सेवा की। उन्होंने ग्रामीणों को उनके बलिदान और आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी।

- आदर्शों को अपनाने की दी प्रेरणा





### नशे से दूर रहें, स्वस्थ जीवन अपनाएं

कार्यक्रम के दौरान सभापति श्रीमती पिंकी गजेंद्र राठौर ने नशामुक्ति और स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और स्वस्थ जीवन अपनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अगर हम अपने घर, गांव, मोहल्ला और गली को साफ रखते हैं, तो कई जानलेवा बीमारियों से बचा जा सकता है।

### ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम के पूर्व सरपंच श्रीमती सुकली पोयाम, उप सरपंच सुगन राम पांडे, निरंजन वैष्णव, दुर्गा साहू, सचिव लीना सुरोजिया और अन्य ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और भगवान बिरसा मुंडा के प्रति उनकी आस्था और सम्मान को दर्शाया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

## पेज 9 के शेष

### महिला सशक्तिकरण ...

है। इन गतिविधियों से महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता मिली है। पोषण आहार और एकीकृत कृषि, कृषि में नवीन तकनीकों के समावेश का प्रदर्शन किया गया है।

यातायात और आवासीय योजनाओं की प्रगति : सुकमा जिले के स्टाल में आधारभूत संरचना और ग्रामीण विकास पर जोर दिया गया है। हक्कुम मेल अंतर्गत यातायात सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में हो रहे कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना,आवासीय परियोजनाओं से सकारात्मक बदलाव, लखपति दीदी योजना मरईगुड़ा (वन) पंचायत, महिला स्वसहायता समूहों को आर्थिक सशक्तिकरण में हो रहे सकारात्मक परिणामों को प्रदर्शित किया गया।

नियद नेल्लानार योजना के सकारात्मक परिणाम : बीजापुर जिले में प्रदेश सरकार द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में संचालित नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें ग्रामीणों के लिए बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए तकनीकी और स्थानीय संसाधनों का उपयोग, जिले के प्राकृतिक सौंदर्य को पर्यटन के माध्यम से दुनिया के पटल पर रखने के प्रयासों की जानकारी दी गई है।

### चित्रकोट की झलकियां...

दी थी। प्राधिकरण की बैठक समाप्त होने के बाद भोजन से फारिंग होकर जैसे ही सीएम के साथ नेताओं का दल विशाल डोम से बाहर निकला वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ता एवं शासकीय कर्मचारियों ने उनके साथ सेल्फी लेने झूम पड़े। इस दौरान सबसे ज्यादा सेल्फी शॉट लेने का मौका पूर्व दंतेवाड़ा कलेक्टर एवं वर्तमान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दिया। वे बहुत ही सहजता से लोगो से मिलते रहे एवं मीडियाकर्मियों को भी मुस्कुराते हुए बैठक के महत्वपूर्ण निर्णय शेयर किए।

कार्यक्रम की जानकारी नहीं : सबसे बड़ी समस्या से सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं को गुजरना पड़ा। सीएम सहित किसी भी मंत्री के आगे का कार्यक्रम किसी को कन्फर्म नहीं था। कौन राजधानी जाएगा कौन सर्किट हाउस इन सवालों का जवाब कोई भी नहीं दे पा रहा था, शायद इस मामले में कड़ी गोपनीयता रखी गई थी।

ठेले, होटल वालों ने उठाया नुकसान : जहां एक ओर चित्रकोट के किनारे स्थित सभी होटलों और ठेलों में आम तौर पर नाश्ता और भोजन वालों की भीड़ लगी रहती थी आज सभी मायूस बैठे थे। सामने स्थित होटल वाले ने बताया कि आज दिनभर धंधा फीका रहा।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री साव आज बीजापुर प्रवास पर रहेंगे



**बीजापुर।** उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साव 19 नवंबर को एक दिवसीय बीजापुर प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान वे बीजापुर जिले के विकास कार्यो का अवलोकन एवं विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक लेंगे।

### धान खरीदी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**दंतेवाड़ा।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों को धान विक्रय करने में किसी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत होने पर संपर्क करने हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर 07856-252412 है। इसके अलावा नियंत्रण कक्ष में किसानों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को दर्ज कराने, उन्हें उचित सलाह देने तथा संबंधित विभाग को अवगत कराने हेतु धान खरीदी की अवधि समाप्त होने तक के लिए डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने किया श्रमदान

**बीजापुर।** भैरमगढ़ एसडीएम विकास सर्वे के नेतृत्व में अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने भैरमगढ़ साप्ताहिक बाजार स्थल में स्वच्छता हेतु श्रमदान किया। इसी तरह जिले के विभिन्न कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कार्यालय की साफ-सफाई फाईलों एवं पंजियों का समुचित रख रखाव एवं परिसर को स्वच्छ बनाने श्रमदान किया। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार माह में कम से कम दो शनिवार को अपने-अपने कार्यालयों के साफ-सफाई के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में अधिकारी-कर्मचारी स्वस्फूर्त सफाई अभियान में भाग ले रहे हैं।

### सम्मान की राशि स्कूल व बच्चों को किया समर्पित



**जगदलपुर।** बकावंड ब्लॉक के बोरपदर संकुल के प्राथमिक शाला साहुकारपारा के शिक्षक डोमेंद्र कु. गंगबेर ने इस वर्ष मिले मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार शिक्षा दूत 2024 पर प्राप्त सम्मान राशि को बाल दिवस के अवसर पर स्कूल और बच्चों को समर्पित कर दिया। इस राशि से स्कूल में पानी की समस्या को देखते हुए गली कनेक्शन से स्कूल के पाइप को जोड़ने के लिए आवश्यक सामग्री पाइप, वाल्व, बेंड आदि दिया गया। जिससे भविष्य में स्कूल, आंगनबाड़ी और पंचायत लाभान्वित होंगे। साथ में पूरे 44 बच्चों में प्रत्येक को कॉपी, पेन, पेंसिल, शार्पनर, ईरेजर, क्राफ्ट पेपर दिए गए और स्कूल में न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संकुल समन्वयक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा सराहा गया। एवं पालक धनेश कश्यप द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया गया। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शाला प्रबंधन समिति का त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया।

### अंदरूनी क्षेत्रों के खिलाड़ी खेल प्रतिभा का मनवा रहे लोहा

# युवाओं में बढ़ता विश्वास ओलंपिक बना खास

हरिभूम न्यूज ⏭ बीजापुर




■ 21 नवंबर तक मैदानों में दिखायेंगे खिलाड़ी अपना जौहर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सपनों को साकार करते हुए बीजापुर के सुदूर अंचलों के खिलाड़ी बस्तर ओलंपिक में अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने मैदानों में जुट गए हैं। विकास की सकारात्मक सोच और नई ऊर्जा के साथ बढ़ते हुए विकसित बीजापुर के युवा खिलाड़ी बस्तर ओलंपिक में अपने जोश और जूनून को दिखा रहे हैं।

बस्तर ओलंपिक का ब्लॉक स्तरीय आयोजन का आगाज बीजापुर और भैरमगढ़ ब्लाक में हो गया है। अंदरूनी क्षेत्रों के हजारों खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिए सुशासन का सूर्योदय के साक्षी बने हुए हैं।

ब्लॉक स्तरीय आयोजन बीजापुर के मिनी स्टैडियम एवं भैरमगढ़ में 18 से 21 नवंबर तक चलेगा जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं।

बस्तर ओलंपिक में दो वर्गों के खिलाड़ी 14 से 17 वर्ष एवं 17 वर्ष से अधिक गोला फेक, तवा फेक, लंबी कूद, लंबी दौड़, रिलेरेस, बैडमिंटन, फुटबाल, कबड्डी, तीरंदाजी, कराते, व्हालीबाल, रस्साकसी जैसे विविध खेलों में प्रतिभागी बने हैं। बीजापुर के मिनी स्टैडियम में शुभारंभ के अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पा राव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया नगरपालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बोधी ताती, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, श्रीनिवास मुदलियार, संजय लुक्कड़ सहित प्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं जीत और हार खेल का हिस्सा होता है जीतने पर अति आत्मविश्वास न हो, न ही हारने पर निराश होने की बात कही।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, एसडीएम बीजापुर उत्तम सिंह पंचारी, सीईओ जनपद पंचायत गीत कुमार सिंहा सहित अधिकारी-कर्मचारी, खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बच्चों के साथ किया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रीति खोखर चकियार के द्वारा पामेड़ क्षेत्र के आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पामेड़ में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 49 बच्चों को लाभांवित किया गया साथ ही आयोजित बैठक मे स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक, डॉ. केके नाग एवं विकासखंड चिकित्सा अधिकारी भी उपस्थित थे। पामेड़ में पोषण पुनर्वास केन्द्र को खोले जाने की आवश्यकता पर भी चर्चा किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चकियार के द्वारा पामेड कन्या आश्रम शाला और प्राथमिक स्कूल भट्टीगुडा के 75 बच्चों के साथ न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक भी लेकर शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को दिलाने के लिए निर्देशित किया गया।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ली गई शपथ



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शनिवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी, हिंदी मीडियम कक्षा 9 से 12 वीं के 170 छात्र-छात्राओं शिक्षकगण को नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत संकल्प एवं शपथ दिलाया गया तथा नशा के होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया गया। जनपद पंचायत भारत माता वाहिनी गठित के कार्य के बारे में अवगत कराते हुए बीजापुर में संचालित नशामुक्त केंद्र के बारे बताया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण के उपसंचालक कमलेश कुमार पटेल ने विस्तृत जानकारी प्रदान किए। इस दौरान उपस्थित शिक्षकगण ने भी साथ में संकल्प एवं शपथ ग्रहण किए।

# मुख्यमंत्री को विधायक ने सौंपा ज्ञापन

### भर्तियों में स्थानीय बेरोजगार को प्राथमिकता देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने सोमवार को चित्रकोट में हुए बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बस्तर संभाग के भर्तियों में स्थानीय बेरोजगार युवक-युवतियों को प्राथमिकता देने संबंधी मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बस्तर संभाग आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है संभाग के स्थानीय लोग गरीब है और उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण आगे की पढ़ाई कम ही कर पाते हैं और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में कम ही भाग ले पाते है। वर्तमान में बस्तर संभाग के जिलों में विभिन्न विभागों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है जिसमें स्थानीय बेरोजगार युवक-युवतियां बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। बस्तर संभाग के जिलों में विभिन्न विभागों में चल रही भर्ती प्रक्रिया में संभाग के स्थानीय बेरोजगार युवक-युवतियों को प्राथमिकता मिलना चाहिए जिससे स्थानीय बेरोजगारों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

## कलेक्टर ने ली लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं क्रेडा विभाग की समीक्षा

**बीजापुर।** जिले में संचालित जल-जीवन मिशन योजना के चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर संबित मिश्रा के अध्यक्षता में मिंगाचल सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बीजापुर में जल-जीवन मिशन योजना अंतर्गत पाईप लाईन विस्तार, नल कनेक्शन, निर्माण कार्य और स्त्रोत निर्माण हेतु नलकूप खनन के साथ आरसीसी पानी टंकी निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा किया गया। जिले में जल-जीवन मिशन के संचालन हेतु इम्पैनल्ड टीपीआई एजेंसी तथा आईएसए एजेंसी को सौंपे गये कार्य का गुणवत्तायुक्त सम्पादन किये जाने के निर्देश दिये गये जो भी टीपीआई एजेंसी जमीनी स्तर पर कार्य नहीं कर रहे उस एजेंसियों का भुगतान रोकने तथा अनुबंध निरस्त करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान कलेक्टर ने सोलर स्थापना हेतु सर्वे कार्य पूर्ण कराये जाने तथा शत प्रतिशत एफएचटीसी रिपोर्ट ग्रामों में हर घर जल प्रमाणीकरण शीघ्र कराये जाने और जिला जल प्रयोग शाला बीजापुर को बैक्ट्रोलॉजिकल परीक्षण करने के निर्देश दिये गये।

# 6 दिवसीय एआईसीटीई अटल कार्यशाला की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई से संबद्ध है।

तकनीकी शिक्षा में अकादमिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के अपने प्रयास में एआईसीटीई ने कई गुणवत्तापूर्ण पहल की हैं, जिसमें देश भर के कॉलेजों में पढ़ाने वाले शिक्षक के विकास पर प्रोत्साहन भी शामिल है। एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग अटल अकादमी एक ऐसी पहल है जो इस वर्ष उन्नत सामग्री, आईओटी, एमएल, एआई, रोबोटिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा आदि जैसे उभरते महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संकाय ज्ञान प्रदान करने/ उन्नत करने के लिए विभिन्न शिक्षक विकास कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए पूरे भारत में विभिन्न उभरते क्षेत्रों में कुल 50 एफडीपी ऑफ़लाइन मोड में निर्धारित किए गए हैं और छत्तीसगढ़ में कुल 3 कॉलेजों को एफडीपी आयोजित करने का अवसर मिला है। एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा उन तीन संस्थानों में से एक है जिन्हें यह अवसर मिला है। यह बड़े गर्व की बात है कि बस्तर क्षेत्र में यह संस्थान ऐसा करने वाला एकमात्र पॉलिटेक्निक है। उक्त कार्यशाला का विषय उच्च एन्ट्रॉपी मिश्र धातु है। उद्घाटन सत्र में एफडीपी की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने अपने स्वागत भाषण में संस्थान की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में सभी उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम का संक्षिप्त विषय और उद्देश्य भी प्रस्तुत किया। आईआईटी भिलाई से मुख्य वक्ता डॉ. जोश इमैनुएल आर ने पहला सत्र लिया। अपने सत्र में उन्होंने बताया कि उच्च एन्ट्रॉपी मिश्र धातु क्या हैं। उन्होंने इन मिश्र धातुओं के अनुप्रयोगों और निर्माणों के बारे में भी बताया। दूसरे सत्र में बीआईटी दुर्ग के डॉ अनिल कुमार ने उच्च एन्ट्रॉपी मिश्र धातुओं के लक्षण वर्णन में बात की।

उन्होंने विभिन्न उदाहरण देकर उपस्थित लोगों को उच्च एन्ट्रॉपी मिश्रधातुओं के बारे में जानकारी दी। एफडीपी के समन्वयक ऋतुराज चंद्राकर ने सभी प्रतिभागियों को सत्र के बाद विभिन्न कार्य करने की जानकारी दी।

उन्होंने विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों को लेख सारांश रिपोर्ट, प्रयोगशाला सारांश रिपोर्ट और विचार जर्नल रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी।

## बस्तर की बेटियां करेंगी असम में शमक विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड



अंतर विश्वविद्यालय टेबल टेनिस महिला प्रतियोगिता में शिरकत करने के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की छात्राएं रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी गुवाहाटी असम के लिए रवाना हो गए हैं। संचालक शारीरिक शिक्षा बस्तर विश्वविद्यालय केवट सर के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बकावंड भावेश कुमार नेताम के दिशा निर्देश पर टीम मैनेजर शेषनारायण उइके व कोच सुश्री वर्षा विश्वकर्मा टीम का सहयोग करेंगे। उक्त प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय बकावंड से कु . लिमबती नाग, कु. सुम्बुल नाज व कन्या महाविद्यालय कांकेर से कु. गीतांजली भास्कर, कु. मेघा साहु विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।




# विभिन्न स्कूलों का एबीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



■ परख कार्यक्रम के द्वारा प्रथम मॉक टेस्ट का किया अवलोकन

बस्तर अंतर्गत संचालित सभी प्राथमिक, माध्यमिक हाइस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओं में प्रथम माक टेस्ट कक्षा 3री 6वीं एवं 9वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी सम्मिलित हुए। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा आज ब्लॉक की कई शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें आज आयोजित परख कार्यक्रम के प्रथम मॉक टेस्ट का भी अवलोकन उनके द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति के बारे में अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए। उनके द्वारा संकुल रेटावंड, संकुल फरसापारा, संकुल तालूर की कई शालाओं का गहन निरीक्षन किया गया।

बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत संचालित सभी 3री 6वीं एवं 9वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का शतप्रतिशत मॉक टेस्ट का आकलन किया गया। जिसमें ब्लॉक लेवल के नोडल, सहायक नोडल, संकुल प्राचार्य, व्याख्याताओं को निरीक्षण हेतु नियुक्त किया गया था। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा सतत निरीक्षण जारी रहेगा।

# बच्चों की उम्दा प्रस्तुति ने दर्शकों की लूटी वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर




अंग्रेजी माध्यम संस्था अंकुर पब्लिक स्कूल में 3 दिवसीय अंकुर उत्सव का आयोजन किया गया। बीती रात इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे नर्सरी से 12 वीं क्लास के बच्चों ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाह वाही लूटी। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ताजुद्दीन आशिफ ने बच्चों के परफॉरमेंस की भरपुर सराहना करते हुए कहा की यहां की प्रतिभाओ में विकसित क्षेत्र के बच्चों की तरह असीम संभावनाएं हैं, इन्हें समुचित अवसर मिलना जरूरी है। स्कूली पढ़ाई के साथ सम्पूर्ण व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र होता है। इस काम को अंकुर पब्लिक स्कूल जिम्मेदारी से कर रहा है। वही भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने अंकुर उत्सव को शानदार आयोजन बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम की भव्यता देखकर रियलिटी शो का माहौल महसूस हुआ। बच्चे पढ़ाई में अव्वल रहे यह हर पालक का सपना होता है। उन सपनो को पूरा करने में स्कूल का नाम प्रमुख रूप से लिया जाता है। शिक्षा के साथ संस्कृति परम्परा और नैतिक मूल्यों का प्रभाव बच्चों को बेहतर नागरिक बनाता है और यह कार्य संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं पुरी जिम्मेदारी से कर रहे है। नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया ने कहा कि कार्यक्रम में बच्चों का परफोरमेंस बहुत ऊँचे दर्जे का था इसके लिए संस्था के प्राचार्य स्टाफ और पालक बधाई के पात्र है। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा अहा टमाटर बड़े मजेदार, बोलो तारा रारा, दीवाना राधे का, सजदा, बस्तरीया मोर संगवारी, कोई कहे कहता रहे, अनारकली डिस्को चली, मेरे दिल में, राधा को श्याम याद आ गया, बिहू डांस , मुकाबला और यहाँ के हम सिकंदर जैसे गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां देकर आयोजन को भव्य बना दिया।

## NOTICE

I VIJAY KUMAR KASHYAP, Address Bodanpal, Badechakwa, Bastar, Chhattisgarh, 494223 declare that I have changed my son's/daughter's name from **MEENA** to **REENA KASHYAP.**

Henceforth, **he/she** shall be known as **REENA KASHYAP** For all purposes.

DATE :- 05-11-2024

**VIJAY KUMAR KASHYAP**











विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पेसा और वन अधिकार मान्यता कानून के लिए प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रो पर विस्तार) अधिनियम 1996 एवं नियम 2022 (पेसा कानून) तथा वन अधिकार मान्यता कानून अधिनियम 2006 के प्रावधानो का क्रियान्वयन तथा उनसे संबंधित समितियां प्रबंधन व संचालन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला को आसना स्थित बादल में जिला प्रशासन बस्तर व सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ देवाजी तोफा सामाजिक कार्यकर्ता वनाधिकार के विशेषज्ञ ग्राम मेढालेखा गढ़चिरौली, अश्वनी कांगे वनाधिकार के विशेषज्ञ व सामाजिक चिंतक, प्रखर जैन पेसा कानून के विशेषज्ञ व सामाजिक चिंतक रायपुर के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का समापन



**जगदलपुर।** क्राइस्ट कॉलेज द्वारा दो दिवसीय इंटर स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता क्राइस्ट कालेज ग्राउंड में मैच खेला गया जिसका फाइनल मैच भानुप्रतापुर सेंट जोसेफ स्कूल विरुद्ध सेंट चावरा कोंडागांव के बीच खेला गया जिसमें भानुप्रतापपुर 1-0 से विजय हुई। प्रथम पुरस्कार नगद 20 हजार व ट्रॉफी फादर संतोष, फादर बीजू, फादर, बिनी, फादर जोमोन ने प्रदान किया। द्वितीय पुरस्कार नगद 10 हजार व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। बेस्ट अनुशासन टिम का पुरस्कार नारायणपुर को दिया गया। बेस्ट गोल कीपर का पुरुस्कार भी नारायणपुर के खिलाड़ी को दिया गया। बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार कोंडागांव के खिलाड़ी उसेंडी को देकर प्रतियोगिता का समापन किया गया।

### विवि में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आज

**जगदलपुर।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के उपलक्ष्य में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन में 19 नवंबर को सुबह 11 बजे से जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक किरण सिंह देव मुख्य अतिथि होंगे। अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर सफीरा साहू एवं बस्तर अंचल के जनजातीय समाज के प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

### कांग्रेस बस्तर विकास विरोधी : आशु

**जगदलपुर।** आज बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक चल रही है जिसमें नि संदेह ही बस्तर के विकास हेतु कई आवश्यक एवं



महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। इस बात से कांग्रेस के पेट में मरोड़ हो रही है। यह वही रिजॉर्ट है जिसमें कोरोना के समय तत्कालीन भूपेश सरकार के जानकारी में यहां पर असम के कांग्रेसी विधायकों को छुपाया गया था और जमकर शराब खोरी भी हुई थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। क्या उस समय कोरोना के भारी संक्रमण के बीच बाहरी मेहमानों को क्षेत्र में लाना और क्षेत्र की जनता की जान को खतरे में डालना सही था।

## कलेक्टर से नेता बने ओपी और टेकाम का दिखा जलवा...





### नई भूमिका में भी दोनों का क्रेज था बरकरार

**जगदलपुर।** विष्णुदेव सरकार के 11 महीने के शासन में पहली बार बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चित्रकोट में हुई। बैठक सम्पन्न होने के बाद नेताओं का विशाल डोम से बाहर आने का सिलसिला शुरू हो गया। इसमें 2 ऐसे नेता भी थे जो बस्तर में कलेक्टरी कर चुके हैं। आईएएस के बाद नेता बनने के लिए उन्हें चुनावी मैदान में अगली कठिन परीक्षा से गुजरना पड़ा। ओपी चौधरी दंतेवाड़ा कलेक्टर रहे और उन्होंने जावंगा में एजुकेशन हब बनाकर न केवल देश-प्रदेश में बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि पाई। वहीं केशकाल से विधायक नीलकंठ टेकाम बस्तर जिले में एसडीएम के बाद कोण्डागांव जिला के कलेक्टर बने। उन्होंने कोण्डागांव के ऐतिहासिक तालाब का जीर्णोद्धार कर उसे शहर का शानदार स्थल बना दिया। इसके लिए उन्होंने जनसहयोग लेकर श्रमदान भी कराया। साथ ही भोंगापाल को पुरातत्व और पर्यटन की दृष्टि से मुख्यधारा में लाने का बड़ा काम भी कर दिखाया। डोम से बाहर आने पर कलेक्टर से नेता बने इन दोनों के साथ फोटो खिचवाने और मिलने की लोगों में भारी उत्सुकता दिखी। भाजपा के नेताओं के अलावा सरकारी मुलाजिमों ने भी दोनों से मिलकर पुरानी यादों के साथ नई भूमिका में उनके साथ यादें ताजा की। एक तरह से ओपी और टेकाम का जलवा नई भूमिका में भी दिखाई पड़ा। वैसे वे पुरानी भूमिका में भी नायक की तरह अपना जलवा जनता के बीच दिखाने में काम्याब रहे।



## लंबित मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी सघ के जिला शाखा अध्यक्ष अनिल यादव ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि संघ के 6 सूत्रीय लंबित मांग जिसमें 31 दिसम्बर 1997 के बाद 1 जनवरी 1998 से अब तक विभिन्न विभागों में कार्यरत कलेक्टर दर, दैनिक वतेनभोगी कर्मचारियों को विभाग के नियमित, कार्यभारित आकस्मिक निधि स्थापना के रिक्त पदों पर समायोजन करते हुए नियमित, नियमित वेतनमान का लाभ दिया जाने, रिक्त पदों के अभाव में शेष बचे कलेक्टर दर, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को उनके वर्तमान कलेक्टर दर वेतन, चतुर्थ श्रेणी सवंर्ग से तृतीय श्रेणी संवर्ग में पदोन्नति हेतु 25 प्रतिशत के स्थान पर 50 प्रतिशत प्रावधानित किये जाने तथा अन्य मांग का अब तक निराकरण नही किया जा रहा है, इसी कड़ी में आवश्यक समीक्षा चर्चा के लिए 9-10 नवंबर को दो दिवसीय प्रान्तीय बैठक रखी गयी थी, बैठक में उक्त 6 सत्रीय मांगों पर आवश्यक चर्चा पश्चात सर्व सहमती से विचारोपरांत माह फरवरी 2025 में प्रान्त व्यापारी अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है।

## अपराधों पर नियंत्रण के लिए लगाया जाए सीसीटीवी




**जगदलपुर।** जनपद पंचायत बस्तर ग्राम पंचायत बड़े चकवा के पंच और आदिवासी नेता पूरन सिंह कश्यप ने जारी बयान में कहा कि बढ़ते अपराधों को नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरा पराली पुलिया, माड़िया चौक,डेंगगुड़ा बड़े चकवा और शहीद झाड़ा सिरहा चौक बोड़नपाल-नदीसागर-पल्ली चकवा चौक में लगाने की आवश्यकता है। शुक्रवार की सुबह ग्राम पंचायत बोड़नपाल में एक अज्ञात विगलांग युवक की अर्धनग्न और संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से बोड़नपाल,बड़े चकवा,नदीसागर, झारतराई, पराली,पल्ली चकवा एवं अन्य क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ऐसे अपराधों के चलते गांव में डर का माहौल बना हुआ है।

## जय झाड़ेश्वर परिवहन सहकारी समिति के रैनू बघेल बने अध्यक्ष

- आमसभा में लाया गया था पूर्व अध्यक्ष बनमाली नाग के विरूध अविश्ववास प्रस्ताव
- रैनू ने पूजा अर्चना करने के बाद अध्यक्ष का कुर्सी संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरनार

सोमवार को नगरनार स्थित जय झाड़ेश्वर मर्यादित समिति के अध्यक्ष बनमाली नाग के विरूध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद उपाध्यक्ष रहे रैनू बघेल को अध्यक्ष चुन लिया गया। वहीं समिति के अन्य पदाधिकारियों को भी सर्वसम्मति से चुना गया। गौरतलब है कि काफी समय से समिति अध्यक्ष बनमाली नाग के प्रति सदस्यों व पदाधिकारियों में अविश्वास देखा जा रहा था। समिति के 16 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया जिसके बाद सर्वसम्मति से



उपाध्यक्ष रैनू बघेल के प्रति विश्वास जताते हुए उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। वहीं सचिव पद पर लोकेश राव को चुना गया। इस दौरान समिति के पूर्व उपाध्यक्ष रैनू बघेल के अलावा जालंधर नाग, लखन बघेल, लोकेश राव, श्रीमती कमलावती, मोहन नायक, जयराम, महादेव,श्रीमती सुपत, श्रीमती सुकमत, श्रीमती चैती, दूजेश्वर, कमलोचन, कोमल साय, सियाराम समेत सभी सदस्य मौजूद थे। आमसभा द्वारा रैनू बघेल को अध्यक्ष व लोकेश राव को सचिव चुनने के बाद उन्होंने पूजा अर्चना कर अपनी कुर्सी सभांली। अध्यक्ष बघेल ने कहा कि जय झाड़ेश्वर परिवहन सहकारी समिति प्रतिष्ठित समिति है और हम सभी सदस्यों को लेकर चलेगें तथा काम में पूरी पारदर्शिता रखेगें ताकि किसी प्रकार के विवाद व अविश्ववास की स्थिति निर्मित न हो।

## सत्ता के प्रमुख का संगठन के मुखिया ने किया स्वागत...



**जगदलपुर।** बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक के लिए चित्रकोट पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीपैड पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने आत्मीय स्वागत किया।

## विशेष शिविर में छात्राओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शिविर का उद्देश्य सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय सेवा के महत्व से परिचित कराना




शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 15 से 21 नवंबर तक ग्राम बाबूसेमरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच उषा नाग मुख्य अतिथि रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनामिका झा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस ध्वज फहराने और लक्ष्य गीत के गायन के साथ हुई। शिविर में 50 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन के दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. योगेंद्र मोतीवाला, सहायक प्राध्यापक सुश्री ज्योति त्रिपाठी, वैष्णवी मंडावी, डॉ. गुलाबचंद साहू, पद्मनी ठाकुर समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारीगणों में शुक्रु राम कश्यप एवं सुनील मिश्रा मौजूद रहे। सभी प्राध्यापकों ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने समाज सेवा, स्वच्छता और ग्रामीण विकास में एनएसएस की भूमिका पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिंसी दुग्गा ने किया। सात दिवसीय इस शिविर के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य छात्राओं को सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय सेवा के महत्व से परिचित कराना है।

## चारों युगों में बजरंगबली अतिशीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- आयोजन अनूठा, बच्चों में संस्कार का बीजारोपण करने वाला

श्री हनुमान चालीसा पाठ प्रतियोगिता शनिवार को मावली माता मंदिर परिसर पर बच्चों के लिए विशेष सामूहिक प्रतियोगिता आयोजन किया गया। मुख्य अथिति सांसद महेश कश्यप ने कहा भगवान बजरंगबली शीघ्र प्रसन्न हो, सभी कामनाओं को पूरा करते हैं। जिनका प्रताप चारों युगों से अपने भक्तों पर रहा है। बच्चों की यह प्रतियोगिता अनूठी प्रेरणा और ऊर्जा देगी, बच्चे इन्हें अपना आदर्श बनाये,ना की फिल्मी हीरो-हीरोइन। प्रतियोगिता के पश्चात वैदिक मंत्रों



के साथ 9 लोगों का जन्मदिवस पंचदीपो की आरती और श्री हनुमान जी की महाआरती के साथ बड़ी संख्या में सनातनी बंधुओं उपस्थिति में बड़े ही भव्य तौर पर संपन्न हुआ।

आयोजन की विशेषता रही कि सभी 200 से अधिक प्रतिभागी बच्चों ने भगवे रंग के परिधान में आरती थाली के साथ अपनी सुंदर प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में शहर सहित गाँवों के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्गों कनिष्ठ वर्ग उम्र 5 से 15 वर्ष वरिष्ठ वर्ग उम्र 16 से 22 वर्ष के बालक बालिकाओं की हुई, इसमें कुल 20 टीम की प्रतिभागी भाग लिए जिसमें कनिष्ठ वर्ग 15 टीम और वरिष्ठ वर्ग की टीम 5 की थी 1

बच्चों में बहुत उत्साह था बहुत ही लगन के साथ ही सामूहिक प्रतियोगिता में हिस्सा लिए और उमंग तरंग के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ किये विशेष कर जगदलपुर शहर के साथ-साथ गांव से आए हुए बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से मन मोह लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र के साथ विजयी प्रतिभागियों को सांसद महेश कश्यप द्वारा पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। अंत में महाआरती बच्चों द्वारा की गई।

### विजय टीम को पुरस्कार

विजय टीम कनिष्ठ वर्ग के प्रथम पुरस्कार में मां भवानी धरमपूरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रही द्वितीय पुरस्कार भागवत रचनातन मंच को मिला और तृतीय पुरस्कार माहेश्वरी समाज की रही, वरिष्ठ वर्ग के प्रथम पुरस्कार सनातनी जागृति मंडली तारापुर विजई रही द्वितीय पुरस्कार भक्ति धाम हनुमान मंदिर धरमपूरा नंबर 1 और तृतीय पुरस्कार बजरंग मंडल अमागुड़ा की रही।

## अब ट्राइबल नॉलेज सिस्टम पर हो रही बात: मण्डावी

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शमक विवि में एनईपी 2020 पर संवाद कार्यक्रम

बस्तर सांस्कृतिक रूप से समृद्ध है। इस जनजातीय क्षेत्र में देशज ज्ञान-विज्ञान का भंडार है। यहां की लोक कला, संस्कृति, जीवन पद्धति की पहचान और प्रसिद्धि वैश्विक स्तर पर है। इसी तरह देश के अन्य जनजातीय क्षेत्र में भी उपयोगी पारंपरिक ज्ञान-विज्ञान उपलब्ध हैं। इसलिए आज भारतीय ज्ञान पद्धति(इंडियन नॉलेज सिस्टम) के साथ जनजातीय ज्ञान पद्धति(ट्राइबल नॉलेज सिस्टम) की बात की जा रही है। उक्त बातें कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. आशुतोष मण्डावी ने व्यक्त किए। वे शनिवार को शहीद



महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति(एनईपी 2020) विषय पर आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. मंडावी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी एक स्टेज होता है। उसमें भी समय के अनुसार बदलाव महसूस की जाती है। उसके अनुरूप एनईपी 2020 सही समय पर आया है। पाठ्यक्रमों को भारतीयता से जोड़ना भी इस बार एनईपी का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भारतीय विद्वानों ने समाज, विज्ञान, आध्यात्म, दर्शन, योग ईत्यादि हर क्षेत्र में कई उल्लेखनीय योगदान दिए हैं। भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी जैसे कई वीरों ने समाज में आजादी का स्व जगाने का काम किया। इस बार राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इन सभी पहलुओं को जोड़ने का प्रयास किया गया है। ताकि नई पीढ़ी अपने अतीत और संस्कृति को समझ सकें और उनमें स्व की भावना आए।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124







